# गोबर विजलन प्रणाली केलिए निविदा सूचना

**निविदा संदर्भ : एसबी/जीएनटी/आर के वी वाई/03/17-18 09 नवंबर, 2017**

स्पाइसेस बोर्ड, आंध्र प्रदेश के गुण्टूर शहर में स्थित गोशाला में अपनी कृषकोन्मुख परियोजना हेतु, पेलेट मेकिंग सिस्टम के अलावा किसानों केलिए जैव निवेशों के उत्पादन हेतु गोबर प्रसंस्करण केलिए निम्नलिखित मशीनरी खरीदना चाहता है :

**अपेक्षा**: प्रस्तावित मशीन, बिजली के किफ़ायती उपयोग से गोशाला में सूखे व गीले गोबर दोनों के लगातार प्रसंस्करण की क्षमता की होनी चाहिए।

क. गोबर विजलन प्रणाली - 250 किलोग्राम प्रति घंटे की क्षमता वाली एक यूनिट

ख. आई एस आई मानक वाला इलेक्ट्रिक मोटर - कम से कम दो एच पी वाला

ग. प्रणाली केलिए अपेक्षित सामग्री की किस्म - स्टेनलेस स्टील

घ. पेलेट मेकिंग मशीन – एक यूनिट , 30 किलोग्राम / घंटा

उपर्युक्त मशीनों के (केवल आई एस आई मार्क वाले) औद्योगिक विनिर्माता ऊपर दिए अनुसार आई एस आई विनिर्देश वाली प्रत्येक मशीन केलिए निम्नलिखित विवरण सहित अपने प्रतियोगी प्रस्ताव जी एस टी समेत प्रस्तुत कर सकते हैं :

(i) प्रत्येक मशीन केलिए मोटर की क्षमता के साथ मशीन की क्षमता

(ii) प्रत्येक मशीन केलिए बोडी में प्रयुक्त लोहे की किस्म और उसका ग्रेड

(iii) जी एस टी दर के साथ एक-एक करके कोट की गई मशीनों की लागत

(iv) परिवहन, स्थापना और प्रशिक्षण लागत

(v) वारंटी अवधि और क्रय उपरांत सेवा

(vi) प्रोफ़ाइल और चित्र सहित कंपनी का विवरण

(vii) सप्लाई की गई समान मशीनों का विवरण, नाम सहित

प्रस्ताव के साथ मशीनरियों के चित्र / ब्रोशर / संबन्धित विवरण भी भेज दें ।

**उपरोक्त सभी विवरणों और जी एस टी घटकों सहित लागत के साथ आपका संपूर्ण प्रस्ताव मोहरबंद लिफाफे में 22 नवंबर 2017 को सायं 5.00 बजे या उसके पहले निम्नलिखित पते पर भेज दिया जाए :**

पता :

निदेशक (विकास)

स्पाइसेस बोर्ड भारत

एन एच बै पास

पालारिवट्टम पोस्ट

कोचिन – 682 025

**निविदाएँ 23 नवंबर 2017 को सायं 4.00 बजे खोली जाएंगी।**